**Code No.** 
**कोड नं.** **32/1/1**

Candidates must write the code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- Please check that this question paper contains 11 printed pages + 2 Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 27 questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 11 + 2 मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 27 प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

# SOCIAL SCIENCE
# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 Hours ]* *[ Maximum Marks : 100*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***General Instructions :***

1. *Answers to questions carrying 2 marks should not exceed 30 words each.*
2. *Answers to questions carrying 4 marks should not exceed 60-80 words each.*
3. *Answers to questions carrying 6 marks should not exceed 100-125 words each.*
4. *Maps should be securely tied in the middle of the Answer-Book.*
5. *Attempt all parts of a question together.*
6. *Stencils or templeates for drawing outline maps may be used wherever necessary.*

***सामान्य निर्देश :***

1. *2 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक न हो।*

2. *4 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों से अधिक न हो।*

3. *6 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 से 125 शब्दों से अधिक न हो।*

4. *मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के बीच में मजबूती से बांधिए।*

5. *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर साथ-साथ दीजिए।*

6. *जहाँ कहीं आवश्यक हो स्टैंसिलों अथवा सांचों को रेखा-मानचित्र बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।*

**1.** Name two island groups of India. Mention one feature of each island group. 1+1=2

भारत के दो द्वीप समूहों के नाम बताइये और प्रत्येक द्वीप समूह की एक विशेषता बताइये।

**2.** "Intimate connections with nature and season can be seen in our music." Give two examples to support this statement. 1+1=2

''प्रकृति तथा ऋतुओं के साथ गहरे सम्बन्ध हमारे संगीत में देखे जा सकते हैं।'' दो उदाहरण देकर इस कथन का समर्थन कीजिए।

**3.** Define the term 'Human-made (cultural) Resources'. Give two examples of these resources. 1+1=2

'मानव निर्मित (सांस्कृतिक) संसाधनों' की परिभाषा दीजिए। इन संसाधनों के दो उदाहरण दीजिए।

**4.** What is a multipurpose project ? Mention any two purposes served by a multipurpose project. 1+1=2

बहुउद्देशीय परियोजना क्या है ? बहुउद्देशीय परियोजना द्वारा सेवित किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

**5.** State any four salient features of 'National Highways'. 4×1/2=2

'राष्ट्रीय महामार्गों' की किन्हीं चार प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।


**6.** Why is it necessary to conserve our natural resources ? Give two reasons. 2×1=2

प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना हमारे लिए क्यों आवश्यक है ? दो कारण दीजिए।

**7.** Explain any two human activities responsible for land degradation. 2×1=2

भूक्षरण के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो मानवीय कारणों की व्याख्या कीजिए।


**8.** Study the map given below, showing distribution of forests in India and answer the questions that follow : 1+1=2




(8.1) Name any two states from north-east India having more than 60 per cent of their area under forest cover.

(8.2) Why have these states larger forest area ? Give two reasons.

नीचे दिए गए मानचित्र का अध्ययन कीजिए, जिसमें भारत में वनों का वितरण दिखाया गया है और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :




(8.1) भारत के किन्हीं दो उत्तर-पूर्वी राज्यों के नाम बताइए, जिनमें उन वनों के अन्तर्गत क्षेत्रफल 60 प्रतिशत से अधिक भू-भाग पर है।

(8.2) इन राज्यों में वन क्षेत्र अधिक क्यों है ? दो कारण दीजिए।

**Note :** The following question is for **Blind Candidates Only** in lieu of Q. No. **8** :

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **8** के स्थान पर है :

Explain two reasons for having high percentage of forest cover in North-Eastern States of India.

भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में वन क्षेत्रों के उच्च प्रतिशत होने के कारणों दो स्पष्ट कीजिए।

**9.** State any two problems that forced India after 1991 to undertake New Economic Policy. 2

भारत को 1991 के बाद नई आर्थिक नीति अपनाने के लिए बाध्य करने वाली दो समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

**10.** State two beneficial and two harmful effects of W.T.O. (World Trade Organization) on Indian economy. $1/2 \times 4 = 2$

भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्व व्यापार संगठन के दो लाभदायक और दो हानिकारक प्रभाव बताइये।

**11.** Mention two features of capitalist economy. 1+1=2

पूंजीवाद अर्थव्यवस्था की दो विशेषतायें बताइये।

**12.** "Problem of resource allocation in mixed economy is effectively solved through market forces and planning process." Give two facts to support this statement. 2

''मिश्रित अर्थव्यवस्था में संसाधनों के आवंटन की समस्या बाजार की शक्तियों तथा योजना प्रक्रिया से प्रभावी ढंग से तय की जाती है।'' इस कथन के समर्थन में दो तथ्य दीजिए।

**13.** "A moderate and gradual rise in price for all the goods is considered good for any country." Do you agree with this view ? Give two arguments to support your answer. 2

''सभी वस्तुओं में साधारण और शनैः-शनैः मूल्यों में वृद्धि किसी भी देश के लिए अच्छी मानी जाती है।'' क्या आप इस विचार से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में दो तर्क दीजिए।

**14.** Classify different types of Indian musical instruments into three main groups and give one example from each group. 3+1=4

विभिन्न भारतीय वांद्य यंत्रों को तीन मुख्य समूहों में वर्गीकृत कीजिए और प्रत्येक में से एक-एक उदाहरण दीजिए।

**15.** "Literary tradition of India is very old and rich." Explain this statement giving four examples. 4

**Or**

What is a Stupa ? Explain the historical importance of Sanchi Stupa. 4

''भारत की साहित्यिक परम्परा बहुत प्राचीन और समृद्ध है।'' चार उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

स्तूप क्या है ? सांची के स्तूप का ऐतिहासिक महत्त्व बताइये।

**16.** Explain the importance of 'Radio' and 'Television' as effective means of mass communication in our country. 2+2=4

हमारे देश में जनसंचार के प्रभावी साधनों के रूप में 'रेडियो' और 'दूरदर्शन' की महत्ता स्पष्ट कीजिए।

**17.** Explain three strategies adopted by the government to protect the interest of consumers with reference to Consumer Protection Act of 1986. 4

भारत सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिये अपनाए गए तीन उपायों का विशेष रूप से 1986 के उपभोक्ता संरक्षक अधिनियम के संदर्भ में व्याख्या कीजिए।

**18.** What is meant by cross border terrorism ? Give its main characteristics. 4

सीमा पार आतंकवाद से क्या अर्थ है ? इसकी मुख्य विशेषतायें बताइये।

**19.** How does growth rate in population increase poverty in a country ? Explain. 4

किसी देश में जनसंख्या की वृद्धि दर किस प्रकार गरीबी को बढ़ाती है। व्याख्या कीजिए।

**20.** Explain the measures taken by the Government of India after 1947 for the protection of natural heritage of India. 6

1947 के बाद भारत सरकार द्वारा भारत की प्राकृतिक विरासत के संरक्षण के लिये किए गये उपायों का वर्णन कीजिए।

**21.** What is 'Energy Conservation Act' ? Describe five measures for efficient use of energy. 1+5=6

'ऊर्जा संरक्षण एक्ट' क्या है ? ऊर्जा के कुशल उपयोग के लिए पाँच उपायों का वर्णन कीजिए।

**22.** What is globalisation ? Explain its impact on Indian agriculture by mentioning five points. 1+5=6

**Or**

Explain any six steps taken by the 'Central' and 'State' governments to improve Indian agriculture after independence. 6×1=6

वैश्वीकरण क्या है ? भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभावों को पाँच बिन्दु देते हुए व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

स्वतंत्रता के बाद भारतीय कृषि के सुधार के लिए 'केन्द्रीय' और 'राज्य' सरकारों द्वारा उठाए गए किन्हीं छः उपायों की व्याख्या कीजिए।

**23.** Explain why cotton textile industry is largely concentrated in Gujarat and Maharashtra ? Examine the problems being faced by this industry. 3+3=6

महाराष्ट्र और गुजरात में सूती वस्त्र उद्योग अधिकतर क्यों केन्द्रित है ? इस उद्योग की समस्याओं की समीक्षा कीजिए।

**24.** Examine the causes for the rise in prices in India. Give six reasons. 6

**Or**

Examine the causes of poverty and explain any three measures adopted to remove poverty in India.

भारत में मूल्यों में वृद्धि के कारणों की समीक्षा कीजिए। कोई छः बिन्दु दीजिए।

**अथवा**

गरीबी के कारणों की समीक्षा कीजिए। भारत में गरीबी को हटाने के लिये अपनाये गये कोई से तीन उपायों की व्याख्या कीजिए।

**25.** What is meant by social development ? Explain its importance for the progress of India. 6

**Or**

What is meant by human development ? Explain how human development is the essence of social development.

सामाजिक विकास का क्या अर्थ है ? भारत की प्रगति के लिये इसका महत्त्व बताइये।

**अथवा**

मानव विकास से क्या अभिप्राय है ? मानव विकास किस प्रकार सामाजिक विकास का मूल तत्व है।

**26.** Define communalism. Explain the causes for the rise of communalism in India. 6

साम्प्रदायिकता की परिभाषा बताइये। भारत में साम्प्रदायिकता के बढ़ने के कारण बताइये।

**27.** On the given map of India (27 a):

**27** (a) Locate and label two states each having one of the following monuments and attach the map in your answer book : 2

(1) Martand Temple (2) Hoysaleshwara Temple

भारत के दिए गए मानचित्र में (27 क) :

**27** (क) दो राज्यों को पहचान कर उनके नाम लिखिए जिनमें निम्नलिखित इमारतें स्थित हैं और मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें :

(1) मार्तण्ड मंदिर, (2) होयसालेश्वर मंदिर

**Note :** The following question is for **Blind Candidates Only** in lieu of Q. No. **27** (a).

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **27** (क) के स्थान पर है :

Write the names of two states, for each monuments, in which they are situated :

(1) Martand Temple (2) Hoysaleshwara Temple

दो राज्यों के नाम लिखिये जिनमें निम्नलिखित इमारतें स्थित हैं :

(1) मार्तण्ड मंदिर (2) होयसालेश्वर मंदिर

**27**(b) In the given outline political map of **India** (**27** b & c) are shown **three** geographical features. Identify these features marked as **A, B, C.** Write their names correctly on the space provided in the map. Attach the map in your answer-book. 1×3=3

(ख) दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (**27** ख एवं ग) में **तीन** भौगोलिक लक्षण **क, ख, ग** दिखाए गए हैं। इन लक्षणों की पहचान कीजिए तथा उनके सही नाम निर्धारित स्थान पर लिखिए। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

**27**(c) In the same given outline political map of **India** locate and label the following features and attach the map in your answer-book : 3×1=3

(i) Koyali Oil Refinery,

(ii) Salem Iron and Steel Plant,

(iii) Vishakhapatnam Port.

(ग) इसी दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित लक्षणों की स्थिति दिखाइए और उनके नाम लिखिए और मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए :

(i) कोयली तेल परिष्करणशाला

(ii) सेलम लोहा और इस्पात संयंत्र

(iii) विशाखापत्तनम पत्तन

**Note:** The following question is for the **Blind Candidates Only** in lieu of Q. No. **27** 'b' and **27** 'c' :

**(27.1)** Name any one Software Technology Park located in Karnataka.

**(27.2)** Name the thermal power plant located at the head of Gulf of Khambat in Gujarat.

**(27.3)** Name the International Air Port located in Assam.

**(27.4)** Name any one oil refinery of Gujarat.

**(27.5)** Name the iron and steel plant of Tamil Nadu.

**(27.6)** Which is the major sea port of Andhra Pradesh ?

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **27** 'ख' और **27** 'ग' के बदले में हैं :

**(27.1)** कर्नाटक राज्य में स्थित किसी एक साफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का नाम बताइए।

**(27.2)** गुजरात में खम्भात की खाड़ी के सिरे पर स्थित ताप शक्ति केन्द्र का नाम बताइए।

**(27.3)** असम में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन का नाम बताइए।


**(27.4)** गुजरात की किसी एक तेल परिष्करणशाला का नाम बताइए।

**(27.5)** तमिलनाडु के लोहा और इस्पात संयंत्र का नाम बताइए।

**(27.6)** आंध्र प्रदेश का प्रमुख समुद्री पत्तन कौन सा है ?

Map for Q. No. 27 (a)

प्रश्न सं. 27 (क) के लिये मानचित्र



Map for Q. No. 27 (b & c)

प्रश्न सं. 27 (ख और ग) के लिये मानचित्र

